राष्ट्रीय एकता शिविर 2023–24 में श्री धर्मेन्द्र कुमार पाटनवार के निद्रेशन में छत्तीसगढ़ का उत्कृष्ट प्रदर्शन

राष्ट्रीय एकता शिविर श्री गुरु गोविंद विश्वविद्यालय गोधरा गुजरात में दिनांक 2.11.2023 से 08.112023 तक आयोजित कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ से शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय बस्तर जगदलपुर से 5 स्वयंसेवक संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय सरगुजा से 5 स्वयंसेवक कार्यक्रम अधिकारी धर्मेन्द्र कुमार पाटनवार सहायक प्राध्यापक एनएसएस शासकीय इंद्रावती महाविद्यालय भोपालपटनम जिला बीजापुर के अगुवाई में शामिल हुए।

यह कार्यक्रम गुजरात सरकार उच्च शिक्षा विभाग राज्य एनएसएस के तत्वाधान में आदिवासी अस्मिता पर्व पर देश के आदिवासी बहुल उड़ीसा, पश्चिम बंगाल, कर्नाटक, तेलंगाना, छत्तीसगढ, महाराष्ट्र, राजस्थान एव गुजरात के आदिवासी बहुल आठ विश्वविद्यालय के आए हुए 188 एनएसएस स्वयं सेवकों के द्वारा अपने अपने संस्कृति का आदान प्रदान एक भारत श्रेष्ठ भारत की परिकल्पना एवम आदिवासी संस्कृति को अक्षुण्य बनाए रखने में सहायक होगा इस कार्यक्रम में बस्तर की संस्कृति को देश के अन्य भागों में अवगत कराने का अनूठा प्रयास होगा ।

छत्तीसगढ़ का उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु किया गया सम्मान